भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 942
दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

आंगनवाड़ी केन्द्र

942. श्री जयंत सिन्हाः
श्रीमती प्रमिला बिसाईः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल राज्य-वार संख्या और अलग रसोई वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) वर्ष 2017-2018 के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यार्थियों की उपस्थिति की दर का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार शासन द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों के हिस्से के रूप में बाल शिक्षा केंद्रों को अनिवार्य करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) किराए पर चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ङ) देश में शौचालय में पर्याप्त पानी की सुविधा के अभाव वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है; और
(च) मनरेगा के साथ समन्वय के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और 2019-2020 के बजट में राज्य-वार क्या वित्तीय प्रावधान किये गए हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) : आज की तिथि को 13,99,697 संस्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) में से 13,77,595 एडब्ल्यूसी देश भर में कार्यरत हैं। अलग रसोई सुविधा वाले एडबल्यूसी का विवरण केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है। संस्वीकृत और कार्यरत आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक । में दिया गया है।

(ख) : वर्ष 2017-18 में आंगनवाड़ी केंद्रों में जाने वाले और स्कीम का फायदा उठाने वाले बच्चों की संख्या का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक ।। में दिया गया है।

(ग) : प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) आंगनवाड़ी सेवाओं के भाग के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों (3-6 वर्ष) को प्रदान की जाने वाली अनौपचारिक शिक्षा है।

(घ) : किराए के परिसरों से संचालित होने वाले एडब्ल्यूसी की राज्य-वार संख्या अनुलग्नक । में दी गई है।

(ड़) : कुल कार्यरत एडब्ल्यूसी में से, 10,14,655 एडब्ल्यूसी में शौचालय सुविधाएं हैं। शौचालयों में पानी की उपलब्धता से संबंधित डाटा मंत्रालय के स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(च) : मनरेगा के साथ अभिसरण के तहत, 2015-16 के दौरान 29,941 एडब्ल्यूसी भवनों के निर्माण और 2016-17 के दौरान 81,447 एडबलयूसी भवनों के निर्माण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को धनराशि निर्मुक्त की गई। एपीआईपी 2019-20 में 58,670 एडबल्यूसी भवनों के निर्माण के लिए 735.75 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। 2019-20 के लिए किया गया राज्य-वार बजटीय प्रावधान अनुलग्नक ।।। में दिया गया है।

*****

**<u>अनुलग्नक- I</u>**

'आंगनवाड़ी केन्द्र' विषय के बारे में श्री जयंत सिन्हा और श्रीमती प्रमिला बिसाई द्वारा दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्तर के भाग (क) और (घ) में संदर्भित विवरण

आंगनवाड़ी सेवा स्कीम के तहत संस्वीकृत और कार्यरत एडब्ल्यूसी, किराए के परिसरों में संचालित एडब्ल्यूसी और शौचालय सुविधाओं स

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत एडब्ल्यूसी | कार्यरत एडब्ल्यूसी | किराए के परिसरों में संचालित एडब्ल्यूसी | शौचालय सुविधाओं सहित एडब्ल्यूसी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55607 | 55607 | 26661 | 54643 |
| 2 | तेलंगाना | 35700 | 35634 | 12681 | 19201 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 6225 | 6225 | 226 | 3043 |
| 4 | असम | 62153 | 62153 | 11667 | 29356 |
| 5 | बिहार | 115009 | 104090 | 61008 | 65913 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 52474 | 51301 | 10722 | 35858 |
| 7 | गोवा | 1262 | 1262 | 756 | 788 |
| 8 | गुजरात | 53029 | 53029 | 6973 | 50545 |
| 9 | हरियाणा | 25962 | 25962 | 6612 | 23384 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 18925 | 18925 | 9381 | 18925 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 31938 | 29599 | 28497 | 17021 |
| 12 | झारखंड | 38432 | 38432 | 13727 | 28317 |
| 13 | कर्नाटक | 65911 | 65911 | 11839 | 53896 |
| 14 | केरल | 33318 | 33244 | 8312 | 31792 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 97135 | 97135 | 28705 | 89503 |
| 16 | महाराष्ट्र | 110486 | 110219 | 30570 | 59285 |
| 17 | मणिपुर | 11510 | 11510 | 8271 | 9505 |
| 18 | मेघालय | 5896 | 5896 | 600 | 4302 |
| 19 | मिजोरम | 2244 | 2244 | 29 | 2193 |
| 20 | नागालैंड | 3980 | 3980 | 770 | 3455 |
| 21 | ओडिशा | 74154 | 72587 | 15480 | 38211 |
| 22 | पंजाब | 27314 | 27289 | 3223 | 22081 |
| 23 | राजस्थान | 62010 | 61974 | 10491 | 34656 |
| 24 | सिक्किम | 1308 | 1308 | 238 | 1294 |
| 25 | तमिलनाडु | 54439 | 54439 | 7232 | 47652 |
| 26 | त्रिपुरा | 10145 | 9911 | 290 | 8067 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 190145 | 187997 | 22892 | 134908 |
| 28 | उत्तराखंड | 20067 | 20067 | 7614 | 14720 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 119481 | 116227 | 20349 | 99196 |
| 30 | अंडमान व निकोबार द्वीप | 720 | 720 | 223 | 571 |
| 31 | चंडीगढ़ * | 450 | 450 | 292 | 450 |
| 32 | दिल्ली * | 10897 | 10897 | 10694 | 10707 |
| 33 | दादर व नागर हवेली | 302 | 302 | 145 | 302 |
| 34 | दमन और दीव | 107 | 107 | 17 | 101 |
| 35 | लक्षद्वीप | 107 | 107 | 80 | 107 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 855 | 855 | 445 | 707 |
| | कुल | ***13,99,697** | **13,77,595** | **3,77,712** | 10,14,655 |

( 30.6.2019 तक)

*संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली द्वारा क्रमश: 50 एडब्ल्यूसी और 253 एडब्ल्यूसी का अभ्यर्पण किया गया है।

अनुलग्नक-II

'आंगनवाड़ी केन्द्र' विषय के बारे में श्री जयंत सिन्हा और श्रीमती प्रमिला बिसाई द्वारा दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्तर के भाग (क) और (घ) में संदर्भित विवरण

एसएनपी और पीएसई के लिए लाभार्थियों की राज्यवार संख्या (3- 6 वर्ष)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पूरक पोषण के लाभार्थी (3 - 6 वर्ष) | प्री-स्कूल शिक्षा के लाभार्थी (3 – 6 वर्ष) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 868499 | 864685 |
| 2 | तेलंगाना | 526670 | 665194 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 96623 | 96623 |
| 4 | असम | 1888756 | 1888756 |
| 5 | बिहार | 2460202 | 2681885 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 854260 | 854260 |
| 7 | गोवा | 19690 | 19690 |
| 8 | गुजरात | 1407503 | 1443193 |
| 9 | हरियाणा | 291598 | 291548 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 179368 | 128168 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 409739 | 439005 |
| 12 | झारखंड | 927553 | 1234533 |
| 13 | कर्नाटक | 1688891 | 1518127 |
| 14 | केरल | 386035 | 386035 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 3237804 | 3696416 |
| 16 | महाराष्ट्र | 2649382 | 2552687 |
| 17 | मणिपुर | 177583 | 177583 |
| 18 | मेघालय | 259978 | 218986 |
| 19 | मिजोरम | 82939 | 56334 |
| 20 | नागालैंड | 145360 | 144241 |
| 21 | ओडिशा | 2047340 | 2047340 |
| 22 | पंजाब | 275650 | 275968 |
| 23 | राजस्थान | 977381 | 967701 |
| 24 | सिक्किम | 12500 | 12500 |
| 25 | तमिलनाडु | 650930 | 632304 |
| 26 | त्रिपुरा | 189854 | 189854 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 5378063 | 5852814 |
| 28 | उत्तराखंड | 181172 | 181925 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 2982160 | 2889710 |
| 30 | अंडमान व निकोबार द्वीप | 2791 | 2791 |
| 31 | चंडीगढ़ | 25809 | 25809 |
| 32 | दिल्ली | 138690 | 139298 |
| 33 | दादर और नागर हवेली | 10475 | 10475 |
| 34 | दमन और दीव | 2388 | 2388 |
| 35 | लक्षद्वीप | 843 | 843 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 2203 | 2197 |
| अखिल भारतीय | | **3,14,36,682** | **3,25,91,866** |

अनुलग्नक-**III**

'आंगनवाड़ी केन्द्र' विषय के बारे में श्री जयंत सिन्हा और श्रीमती प्रमिला बिसाई द्वारा दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्तर के भाग (क) और (घ) में संदर्भित विवरण

2019-20 के दौरान मनरेगा के साथ कन्वर्जेंस के तहत एडब्ल्यूसी भवनों के निर्माण के लिए किए गए एडब्ल्यूसी की संख्या और बजट प्रावधान का राज्य-वार विवरण

(रुपये करोड़ में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एडब्ल्यूसी निर्माण के लिए प्रस्तावित भवनों की सं. | बजट प्रावधान (जीओआई शेयर**)** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6000 | 72.00 |
| 2 | बिहार | 1000 | 12.00 |
| 3 | छत्तीसगढ | 2000 | 24.00 |
| 4 | गोवा | 100 | 1.20 |
| 5 | गुजरात | 2000 | 24.00 |
| 6 | हरियाणा | 500 | 6.00 |
| 7 | कर्नाटक | 1000 | 12.00 |
| 8 | केरल | 1000 | 12.00 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 10000 | 120.00 |
| 10 | महाराष्ट्र | 250 | 3.00 |
| 11 | ओडिशा | 6036 | 72.43 |
| 12 | पंजाब | 15000 | 180.00 |
| 13 | तेलंगाना | 2000 | 24.00 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | 500 | 6.00 |
| 15 | पश्चिम बंगाल | 6000 | 72.00 |
| 16 | पुदुचेरी | 23 | 0.28 |
| 17 | हिमाचल प्रदेश | 90 | 1.62 |
| 18 | जम्मू और कश्मीर | 500 | 9.00 |
| 19 | उत्तराखंड | 1401 | 25.22 |
| 20 | अंडमान और निकोबार | 50 | 1.00 |
| 21 | दादर व नागर हवेली | 20 | 0.40 |
| 22 | असम | 1500 | 27.00 |
| 23 | मणिपुर | 1000 | 18.00 |
| 24 | मेघालय | 600 | 10.80 |
| 25 | त्रिपुरा | 100 | 1.80 |
| कुल | | **58,670** | **735.75** |